संक्षिप्त

बाल संसद का आयोजन

शाहपुरा,(निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जयपुर सचिव पवन जीनवाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन मे एमडीएस घासीपुरा में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर बाल-सांसद के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं बाल अधिकार संरक्षण विषय पर बाल संसद में लोकसभा की कार्यवाही का सफलतम मंचन किया गया। इस बाल संसद सभा का निर्देशन प्रिंसिपल सी एस सैनी एवं डॉ. खुशबू परासर के द्वारा किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा मार्गदर्शन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा के अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा एवं संस्थान के निदेशक मोहन लाल बल्लीवाल के सानिध्य में बाल संसद द्वारा प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को उभारना एवं बाल-अधिकारों को जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा सफल बनाने का प्रयास किया गया।

युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

कोटपूतली, (निसं)। भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर चल रहे रक्तमणि अभियान में जीवनदाता ब्लड बैंक एवं राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में प्रफुल्ल रमन पुत्र रामौतार आर्य निवासी मौहल्ला बूचाहेड़ा, नागाजी की गौर ने अपने बेटे लवी के द्वितीय जन्मदिन पर एवं यश पुत्र पदम बंसल, सार्थक पुत्र राजेश गुप्ता, हिमांशु पुत्र मनोज अठावाल, मधुर पुत्र मुकेश गोयल निवासी कोटपूतली ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। ब्लड बैंक में सभी रक्त समूहों की सदैव उपलब्धता एवं आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना ही रक्तमणि अभियान का उद्देश्य है। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश गोयल, भाजपा जिला महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व चेयरमैन व सामाजिक कार्यकर्ता महेश मीणा, पार्षद प्रमोद गुरूजी, अनूप आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के लिए टीमों का चयन 27 से

कोटपूतली, (निसं)।यहां के राजकीय एलबीएस पी जी महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता हेतु खेल टीमों का चयन किया जायेगा। प्राचार्य प्रो. आर.के.सिंह ने बताया कि फुटबॉल (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता 27 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे, क्रॉस कंट्री (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता 01 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे, शतरंज (पुरूष व महिला) 02 दिसम्बर को प्रातः 11.30 बजे खेल टीमों का चयन अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता हेतु किया जावेगा। भाग लेने वाले छात्र-छात्रायें खेल ड्रेस में अपना महाविद्यालय पहचान पत्र लेकर कक्ष क्रमांक 11 में निर्धारित समय पर उपस्थित होवें। 17 वर्ष से कम उम्र का विद्यार्थी किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकता है एवं उपरोक्त प्रतियोगिता की दिनांक व समय में कोई परिवर्तन होता है तो नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कर दी जायेगी।

अमृता हाट के माध्यम से महिलाओं का हो रहा आर्थिक सशक्तिकरण : चौधरी

भरतपुर, (निसं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले का जिला कलक्टर कमर चौधरी ने एमएसजे कॉलेज मैदान में बुधवार को विधिवत फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

जिला कलक्टर ने हाट में लगी सभी स्टॉलो का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समुहों द्वारा तैयार उत्पाद शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण होते है। प्रदेशभर के सभी जिलों के समूहों द्वारा अमृता हाट में भागीदारी किये जाने से भरतपुर के नागरिकों को एक ही स्थान पर हर जिले के विशेष उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा।

संभाग स्तरीय अमृता हाट का शुभारंभ किया।

- सभी जिलों के उत्पाद एक ही स्थान पर होंगे उपलब्ध

उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आज महिलाऐं स्वयं सहायता समुह के साथ कार्य करते हुए नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ समूह के माध्यम से अपने उत्पादों की पहचान बनाने के लिए अमृता हाट मेले का आयोजन किया जाता है। उन्होंने विभिन्न जिलों से समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये विशेष उत्पादों की सराहना की तथा अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह ने कहा कि एसएचजी के उत्पाद गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित दरों के होते हैं इससे समूह को आत्मनिर्भर बनने में भी मदद मिलेगी।

महिला अधिकारिता के उप निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि अमृता हाट में राज्य के सभी जिलों से महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व महिला आर्टिजन्स द्वारा स्वरोजगार हेतु निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि अमृता हाट का समय प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि अमृता हाट में 27 को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व राधाकृष्ण की झांकी प्रस्तुत की जाएगी, 28 को राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता व लोकगीत, 29 व 30 को राजस्थानी लोकनृत्य व सांस्कृतिक संध्या तथा 1 दिसम्बर को चित्रकला, रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

अमृता हाट में 82 स्टॉल एसएचजी द्वारा लगायी गयी हैं जिनमें श्रीगणेश एसएचजी बीकानेर के नमकीन पापड, राधिका एसएचजी जयपुर के चूर्ण सुपारी, छवि एसएचजी किशनगढ के मसाले हींग, राजबेटी एसएचजी भरतपुर के स्टोन उत्पाद, जय श्री श्याम एसएचजी जयपुर के जूट हैण्डीक्राफ्ट, रनजुल वंचित एसएचजी अजमेर के वुडन हैण्डीक्राफ्ट, मातृकृष्ण एसएचजी अजमेर के पेचवर्क गुजराती उत्पाद, राजपाल एसएचजी भरतपुर के हैण्डमेड पर्स व अन्य सामग्री, सरस्वती एसएचजी झालावाड के हैण्डमेड कपडे व बैडसीट, शिव एसएचजी दौसा के गर्म कपडे, पीएनबी आर-सेटी भरतपुर के हैण्डमेड पेपर करी व बैग सहित आचार मुरब्बे खानपान की सामग्री व सभी जिलों के एसएचजी के विशेष उत्पाद की खरीददारी का अवसर भरतपुर के नागरिकों को मिलेगा।

संविधान दिवस पर डॉ. अंबेडकर को किया याद

संविधान दिवस पर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

टोंक। संविधान दिवस के उपलक्ष में जिले में बुधवार को अम्बेडकरवादियों व अन्य संगठनो ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए जिला मुख्यालय स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण का उन्हे पुष्प अर्जित किये, इस दौरान कांग्रेस कमेठी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हमें सबसे ज्यादा जरूरत संविधान के बुनियादी सिद्धांतों व न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को बचाने की है। उन्होंने कहा कि आज संविधान दिवस पर हम यह पुनः प्रण ले कि हम देश की एकता और अखंडता के लिये, प्रेम और भाईचारे के लिए, सौहार्द और सद्भाव के लिए लोकतंत्र और संविधान की स्वतंत्रता कायम रखेंगे।

एसडीएम मनीष जाटव राज्य स्तर पर होंगे सम्मानित

किशनगढ़ बास, (निसं)। उपखंड अधिकारी एवं किशनगढ़ बास निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष जाटव को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान निर्वाचन विभाग की ओर से निर्धारित विभिन्न पैरामीटरों के आधार पर 87.48 प्रतिशत अंक अर्जित कर राजस्थान की 200 विधानसभाओं में 23 वां स्थान प्राप्त करने पर दिया जाएगा। सम्मान निर्वाचन विभाग द्वारा 27 नवंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बैठक में शीर्ष 25 सर्वश्रेष्ठ रहने वाली विधानसभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

एसडीएम मनीष जाटव

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने किशनगढ़ बास उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष जाटव को बधाई देते हुए कहा है कि चुनाव कार्यों में लगे कार्मिकों द्वारा ईमानदारी, तत्परता और तकनीकी दक्षता के साथ किए गए कार्यों का परिणाम है कि किशनगढ़बास क्षेत्र ने राज्य में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। यह सम्मान जिले के सभी निर्वाचन कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करेगा।

उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनीष कुमार जाटव ने कहा जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला के प्रभावी मार्गदर्शन और बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा अपने क्षेत्र में गणना प्रपत्रों के समयबद्ध वितरण, ऑनलाइन डिजिटाइजेशन, समुचित एएसडी फ्लेगिंग तथा मतदाता सूची की पूर्ण शुद्धता पर विशेष ध्यान देकर कार्य किए जाने पर किशनगढ़ बास विधानसभा ने राज्य भर में सम्मानित सूची में अपना स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सभी बीएलओ को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की इसी प्रकार की सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इसके अलावा खैरथल-तिजारा जिले की मुंडावर विधानसभा ने पुनरीक्षण प्रक्रिया में उल्लेखनीय कार्य करते हुए राज्य में 35 वां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि का कारण यंह भी रहा है कि जिला प्रशासन की ओर से कार्य की गुणवत्ता और गति बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में एक विशेष नवाचार लागू कर प्रतिदिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस बूथ लेवल अधिकारियों में समय से पहले और सबसे पहले कार्य पूर्ण करने की भावना जागृत हुई।

संविधान दिवस मनाया

टोंक। मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी, राजनीति विज्ञान व ईएलसी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो. राधेश्याम जग्रवाल ने विद्यार्थियों व कैडेट्स को संविधान की शपथ दिलाई व संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला।

- प्रो. जग्रवाल ने विद्यार्थियों व कैडेट्स को संविधान की शपथ दिलाई

राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रभारी प्रो. शकीला नकवी ने संविधान के इतिहास व महत्व पर विस्तार से जानकारी दी तथा उन्होने विशेष गहन परीक्षण की ऑनलाइन प्रक्रिया भी समझाई। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद बाकिर हुसैन ने कहा कि संविधान जहां हमारे अधिकारों की रक्षा करता वही उसमें निहित मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां की याद दिलाते हैं। महाविद्यालय संकाय सदस्य प्रोफेसर पंकज कुमार माथुर, डॉ नरेंद्र चंदेल , डॉ नीतू चौधरी व चन्द्रशेखर मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों और विचारों का व्यावहारिक स्तर पर क्रियान्वयन विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

'प्लास्टिक की कोई नहीं शान, मिटा दे इसका नामो निशान'

टोंक। सिंगल यूज प्लास्टिक मानव जीवन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इसका उपयोग कई बीमारियों को जन्म देता है, इसलिए इसका उपयोग नही करने के लिए नगर परिषद टोंक के आयुक्त धर्मपाल जाट ने सभी चाय, कॉफी, थड़ी विक्रेताओं एवं आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने की अपील की है। आयुक्त ने कहा है कि सभी मिटटी के कुल्हड़ का उपयोग कर पर्यावरण एवं मानव जीवन को स्वच्छ व स्वस्थ्य बनाये रखने में योगदान करें।

- आयुक्त ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की

सार-समाचार

मातृ सम्मेलन का आयोजन

निवाई। उच्च प्राथमिक सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा सप्त शक्ति संगम के अन्तर्गत मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। मुख्य वक्ता अश्विनी द्वारा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका विषय पर बताया कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है क्योंकि महिलाओं को ही अपने बालक-बालिकाओं को संस्कार देकर अपनी भूमिका निभानी है। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता सीमा माथुर ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण की भारतीय दृष्टि विषय पर जानकारी प्रदान की। महिला प्रेरक चरित्र में रानी लक्ष्मी बाई, जीजा बाई ,अहिल्या बाई होलकर, भगिनी निवेदिता का चरित्र बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। बालिका शिक्षा सह प्रांत प्रमुख सीमा माथुर ने माताओं से सामान्य ज्ञान, प्रेरक नारी चरित्र पर आधारित प्रश्न किए एवं सुझाव दिए। जिसमें विजेता माताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा सीमा माथुर ने भगवत गीता में वर्णित नारी की सप्त शक्ति का वर्णन किया एवं महिला जागृति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम संयोजिका ममता जैन द्वारा आभार प्रदर्शन किया। ममता जैन ने अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन ममता ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रेखा द्वारा रखी गई।

जागरूकता व सहायता शिविर कल

दौसा। अग्रणी जिला कार्यालय (लीड बैंक) की ओर से 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना केन्द्र के सामने 28 नवम्बर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 10 साल से ज्यादा समय से लेन-देन नहीं होने वाले खातों की राशि बैंकों द्वारा आरबीआई को भेज दी जाती है। ऐसे सभी खातों की राशि को पुनः प्राप्त करने के लिए अपनाए जाने वाली प्रकिया की जानकरी दी जाएगी। सभी बैंकों की देखरेख में होने वाले इन शिविरों में नागरिकों को अनक्लेम्ड जमा, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फंड प्राप्त करने के लिए सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे। आवश्यकतानुसार लाभार्थी एवं दावेदार के केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने और दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सभी बैंक, बीमा, पेंशन, प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और अवैतनिक निधि (आईईपीएफ) की सहभागिता होगी। इस दौरान खातों में लेन-देन नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से इस शिविर में भाग लेकर जनकल्याणकारी पहल का लाभ उठाने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से नागरिकों को उनके जमा पूंजी और निवेश के अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सुविधाजनक तरीके से लाभ दिलाने का संकल्प लिया है।

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

दौसा। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जिलेभर के महाविद्यालयों और विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने संविधान की शपथ ली और वाद-विवाद, मौक पार्लियामेंट, निबंध एवं व्याख्यान प्रतियोगिताओं में भाग लेकर संविधान के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। पं. नवल किशोर शर्मा राजकीय पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. लालाराम मीणा ने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर निबंध के माध्यम से संविधान के संबंध में अपने विचार अभिव्यक्त किए। प्रतियोगिता के बाद संविधान दिवस मनाने के लिए संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के बाद सभी प्रतिभागियों को समारोहपूर्वक प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की मूल आधारशिला है। ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं के मनों में इसके महत्व को गहराई से समझाया जा सकता है।इसी प्रकार संविधान दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इन्दिरा गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। संविधान की शपथ, वाद-विवाद, मौक पार्लियामेंट, निबंध और व्याख्यान आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर विद्यार्थियों में संविधान की अवधारणाओं एवं संकल्पनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

कोटपूतली, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा की संयुक्त बैठक आगामी 28 नवम्बर शुक्रवार को राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में आयोजित की जायेगी। संगठन महामंत्री वी के नवल ने बताया कि बैठक में कोटपूतली- बहरोड़ के नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। बैठक में विधानसभा प्रभारी सरलेश सिंह राणा भी शिरकत करेगी। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रव्यापी महाभियान वोट चोर गद्दी छोड़ तथा एसआईआर को लेकर चर्चा की जायेगी।

संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

दौसा, (निसं)। संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्राधिकरण के सचिव संतोष अठावाल ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार संविधान दिवस पर प्रातः जिला मुख्यालय पर स्थित सभी न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायालय व प्राधिकरण के कर्मचारियों ने न्यायालय प्रांगण में संविधान की शपथ ली। कार्यवाहक जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविकांत सोनी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका के महत्व के बारे में बताया तथा सभी को संविधान की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विशिष्ट न्यायाधीश रेखा राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के पश्चात् हमारे पूर्वजों, स्वतंत्रता सैनानियों के बलिदान एवं संघर्ष से हमें संविधान प्राप्त हुआ है। हमें इसकी उद्देशिका के हर शब्द को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

उन्होंने संविधान में प्रदत्त पांच स्वतंत्रताओं में से विचारों की स्वतंत्रता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान हमें यह अधिकार देता है कि हम स्वतंत्र रूप से अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं। संविधान में आम नागरिकों को प्रदत्त विचारों की स्वतंत्रता के कारण ही मनुष्य को उत्तरोत्तर सोचने का अवसर मिला है जिससे मानव जाति का कल्याण हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि आज लोगों को रील्स व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से उनके विचारों को जाति, धर्म, संप्रदाय के आधार पर प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन हमें इन सभी विचारों के बीच इस बात पर प्रतिबद्ध रहना है कि हमारे विचारों की स्वतंत्रता बरकरार रहे।

संविधान दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित हुआ।

इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सनराईज स्कूल में संविधान दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सचिव संतोष अठावाल ने बताया कि संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया जिसमें हर नागरिक को बराबर का अधिकार मिले।

उन्होंने बच्चों को संविधान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आजादी के बाद देश की एकता और लोकतंत्र को मजबूत करने के लक्ष्य के लिए सभी लोगों पर एक समान नियम एवं कानून बनाया गया। भारतीय संविधान हमारे अधिकारों, कर्तव्यों, न्याय व्यवस्था और शासन प्रणाली का आधार है।

उसी आधार पर ही पूरा देश चलता है। उन्होंने बच्चों को अच्छा नागरिक बनने, सत्य और नियमों का पालन करने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में प्राधिकरण के डिप्टी चीफ एलएडीसी रूपनारायण मीणा ने बच्चों को संविधान की उद्देशिका के बारे में बताया।

- न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका के महत्व के बारे में बताया व संविधान की शपथ दिलाई

संविधान दिवस पर विद्यालय में प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 7 के सुदेश मीणा प्रथम, कक्षा 8 के दीक्षित मीणा द्वितीय तथा कक्षा 8 के गौरव जौनवाल व कक्षा 7 के सुमित कुमार बैरवा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बच्चों की विधिक जागरूकता रैली को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एलआर मीणा, विद्यालय स्टॉफ गुड्डी सिरोहिया, ममता महावर व शिवम शर्मा तथा प्राधिकरण के सहायक प्रशासनिक अधिकारी सीताराम बैरवा, वरिष्ठ सहायक शिवदयाल शर्मा, चारू पालावत, विनीत सोनी एवं कनिष्ठ सहायक आभा नकवाल उपस्थित रहे।

कैदियों ने बनाई संविधान की प्रस्तावना की रंगोली

दौसा। विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास में निरुद्ध कैदियों ने राष्ट्रीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ की प्रेरणा से बुधवार को संविधान की प्रस्तावना की विशाल रंगोली तैयार की। कैदियों ने चूना पाउडर और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करते हुए जेल परिसर के मैदान में अंठोजी भाषा में सम्पूर्ण प्रस्तावना उकेरी। मूल संविधान के चित्र की डिज़ाइन की हुबहू रंगोली बनाई। जेल स्टाफ ने रंगोली के नीचे की तरफ़ केसरिया, सफेद और हरे रंग की झंडियां लगाई। जेलर विकास बागोरिया ने लगभग सभी 482 कैदियों और स्टाफ को एक साथ प्रस्तावना का वाचन करवाया। कैदियों ने देशभक्तिपूर्ण नारे लगाए। संविधान सभा के सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र गान और राष्ट्र गीत गाया। जेल अधीक्षक ने कैदियों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए संविधान का महत्व समझाया। सभी को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। संदीप अठावाल, विकास शर्मा, रतन सिंह, दीन दयाल, राजेश मूर्तिकार, महेश और प्रवीण आदि क़ैदियों ने रंगोली तैयार की। इस अवसर पर पीयूष अठावाल उप अधीक्षक उद्योग, शिवांगन स्पिनर के निदेशक कुलदीप सिंह भाटी, रामप्रकाश यादव, रत्ती राम मीणा सहित स्टाफ और सभी क़ैदी मौजूद रहे।

स्कूटी पाकर खिले चेहरे

पावटा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी एवं उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान पावटा पंचायत समिति में व पंचायत समिति विराटनगर में दिव्यांगों को उपकरण वितरण किए गए।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना 2025 के तहत विधानसभा क्षेत्र के पावटा ब्लॉक में तीन लाभार्थियों को स्कूटी प्रदान की व 14 हियरिंग एड, 3 व्हील चेयर, 8 बैसाखी, 2 टेट्रा पॉड, 20 बेंत आदि उपकरणों का भी वितरण किया गया। वही विराटनगर ब्लॉक में 5 दिव्यांगजनों को स्कूटी, 6 हियरिंग एड, 5 बैसाखी, 15 टीएलएम किट तथा 20 वाकिंग स्टिक वितरित की। स्कूटी व उपकरण पाकर दिव्यांग लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। उन सभी के चेहरों पर दिखने वाली मुस्कान ही सच्ची सेवा को परिभाषित करती है। इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन हितैषी योजनाओं के विस्तार और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करेगी तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की आवाजाही में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार निरंतर कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं और अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धनकड़ ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व सहयोगपूर्ण व्यवहार हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत स्कूटी वितरित की।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र का कोई भी दिव्यांग किसी प्रकार की असुविधा में हो तो वे स्वयं सदैव सहायता के लिए उपलब्ध हैं। विधायक ने आमजन से भी आ ान किया कि दिव्यांगजनों सहित गरीब और असहाय वर्ग की मदद हेतु सभी लोग आगे आएं। गिरिराज ओला द्वारा प्रभावी मंच संचालन किया गया तथा विभाग की योजनाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी सुशीला यादव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जिला परीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी विपिन, पुलिस उपाधीक्षक उमेश निठारवाल विकास अधिकारी राजकुमार, जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, पूर्व एससी मोर्चा महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गेंदालाल, अधीक्षक शिव कुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, मंडल अध्यक्ष विकास कैरोडी, छात्रावास अधीक्षक संदीप शर्मा, छोटूराम राठी, बहादुर मल सैनी, लक्ष्मीनारायण यादव, सूंडा राम यादव, छंगा राम यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, मुरलीधर कुलदीप, एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।